वर्षः 14 - अंक : 162, मुंबई, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# मुंबई के विक्रोली में बड़ा हादसा

## ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पेड़ से टकराई कार, दो लोगों की दर्दनाक मौत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के विक्रोली इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक कार के पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सिद्धार्थ धागे (23) और रोहित निकम (29) के रूप में हुई है, जो विक्रोली पूर्व के कन्नमवार नगर के निवासी थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तड़के हुई। उन्होने बताया, धागे कथित तौर पर बहुत तेज और लापरवाही से कार चला रहा था जिसके कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। कार एक होटल के पास मुख्य सड़के के किनारे फुटपाथ पर लगे एक पेड़ से टकरा गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)




(समाचार व चित्रमय छलकियां पृष्ठ 7 पर)

## रिजवी लॉ कॉलेज की छात्राओं ने खार और बांद्रा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के साथ मनाया रक्षाबंधन

## मनोज जरांगे के विधानसभा चुनाव लड़ने पर बढ़ा सस्पेंस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सरकार और खासकर बीजेपी की नाक में दम करने वाले मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल के विधानसभा चुनाव लड़ने पर सस्पेंस अब और बढ़ गया है। मनोज जरांगे की रणनीति का खुलासा होने में अभी और वक्त लग सकता है, क्योंकि मनोज जरांगे ने 29 अगस्त की अपनी प्रस्तावित बैठक को फिलहाल रद्द कर दिया है।

## महाराष्ट्र में एसीबी का बड़ा एक्शन

### महिला शिक्षा अधिकारी और ग्राम पंचायत कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला अधीक्षक एवं शिक्षा अधिकारी को दो विशेष शिक्षकों से दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मीनाक्षी भाऊराव को दो विशेष शिक्षकों से दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। मामले पर एसीबी ने बताया कि आरोपी मीनाक्षी भाऊराव गिरि जिला परिषद कार्यालय में भुगतान एवं भविष्य निधि अधीक्षक के पद पर नियुक्त थीं। बीते मंगलवार को उन्हें दो विशेष शिक्षकों से सातवें वेतन आयोग लागू होने के बाद लंबित भुगतान जारी करने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 24 अगस्त को पूरे महाराष्ट्र में बंद

## उद्धव ठाकरे बोले- ये होना चाहिए हमारा उद्देश्य...

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में ठाणे जिले के बदलापुर के स्कूल में मासूम बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर राजनीति और गर्म होती जा रही है। राज्य के विपक्षी महागठबंधन महा विकास आघाडी ने ठाणे जिले के बदलापुर स्कूल कांड में हुए दो बच्चियों के यौन-उत्पीड़न की घटना के विरोध में 24 अगस्त को पूरे महाराष्ट्र में बंद का आवाहन किया है। साथ ही उद्धव ठाकरे ने बंद के पीछे विपक्ष की मंशा भी बतायी है। उद्धव ठाकरे ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा है कि इस बंद के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। हम सब का उद्देश्य यह होना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सभी राजनीतिक दलों की भी यही मांग है। ताकि महिलाओं की सुरक्षा सबकी प्राथमिकता में हो।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



**ठाणे जिले के बदलापुर शहर में मंगलवार को एक स्थानीय स्कूल के परिसर में चार वर्षीय दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के विरोध में हजारों लोग सड़कों और रेल की पटरियों पर उतर आए। गुस्साए अभिभावकों, स्थानीय निवासियों और अन्य लोगों ने रेल पटरियों को अवरुद्ध कर दिया और उस स्कूल में तोड़फोड़ की, जहां पिछले सप्ताह एक पुरुष सहायक ने दो बच्चियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### विश्व बैंक की चेतावनी

**साल 1990 के बाद से सिर्फ 34 मध्य आय वाले देश ही उच्च-आय वाले देशों की श्रेणी में शामिल हो सके। बाकी मिडल इनकम ट्रैप में फंस कर रह गए। विश्व बैंक के मुताबिक भारत को इस तजुर्बे से सीख लेनी चाहिए।**

विश्व बैंक ने भारत को माकूल चेतावनी दी है। कहा है कि 100 से अधिक देशों को उच्च-आय वाला देश बनने की राह में गंभीर बाधाओं से रू-ब-रू होना पड़ सकता है। इनमें भारत भी है। बैंक ने ऐसे देशों को ह्यमध्यम-आय के जालह्ल से बचने की सलाह दी है। ह्लवर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024: द मिडल इनकम ट्रैपह्व में कहा गया है कि जब देश अमीर होते हैं, तो एक हद पर आकर उनकी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि ठहर जाती है। ऐसा कुछ ठोस वजहों और कुछ नीतिगत अस्थिरता के कारण होता है। बैंक ने ध्यान दिलाया है कि 1990 के बाद से केवल 34 मध्य आय वाले देश ही उच्च-आय वाले देशों की श्रेणी में जा सके। इनमें से एक तिहाई से अधिक देश वे हैं, जो यूरोपीय संघ में शामिल हुए या फिर वे देश हैं, जहां तेल के भंडार मिले। विश्व बैंक के मुताबिक भारत को इस तजुर्बे से सीख लेनी चाहिए। भारत अपने आर्थिक विकास के महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। भारत दुनिया की सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मगर भारत को कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां उसकी प्रगति को बाधित कर सकती हैं। मसलन, छोटे व्यवसायों की चुनौती देश के लिए एक बड़ी बाधा बन सकती है। भारत में आम तजुर्बा यह है कि छोटी कंपनियों के आगे बढ़ने में कठिनाई पेश आती है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 90 फीसदी कंपनियों में पांच से कम कर्मचारी हैं। उनमें से कुछ ही कंपनियां 10 से अधिक कर्मचारियों तक बढ़ पाती हैं। यह प्रवृत्ति भारतीय व्यवसायिक माहौल में नियम और बाजार संबंधी बाधाओं का संकेत देती है। कहा गया है कि भारत का मानव संसाधन उसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में एक है, मगर प्रतिभाओं के पलायन की चुनौती उसके लिए चिंता का विषय है। इसलिए बैंक ने सुझाव दिया है कि भारत को उच्च कुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित करने की क्षमता बढ़ानी चाहिए। बेशक इस रिपोर्ट में कई पहलू हैं, जिन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। चुनौतियों को नजरअंदाज कर सिर्फ ढोल बजाना अपने लिए जोखिम मोल लेना साबित होगा।

# पैगम्बर ए इस्लाम पर अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले को गिरफ्तार किया जाये: नदीम कुरैशी

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**




**बरेली।** इत्तेहाद ए मिल्लत कॉन्सिल के प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी की अगुबाई में भारी संख्या में लोग दामोदर पार्क में जमा हुए और महाराष्ट्र निवासी रामगिरी के खिलाफ प्रदर्शन करके गिरफ्तारी की माँग कर राष्टपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बरेली को सौपा ज्ञापन में बताया की पैगम्बर-ए-इस्लाम पर अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा देशभर में साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरे में डालने वाले रामगिरी महाराज की गिरफ़्तारी हो

कुरैशी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो क्लिप देशभर में तेजी से वायरल हो रहा है,खुद को रामगिरी महाराज कहने वाला व्यक्ति इस वीडियो क्लिप में पैगम्बर-ए-इस्लाम की शान में गुस्ताखी करता दिखाई-सुनाई दे रहा है। इससे न केवल मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं बल्कि देशभर में साम्प्रदायिक माहौल खतरे में पड़ गया है। समाचार माध्यमों से यह भी संज्ञान में आया है कि रामगिरी महाराज नामक इस व्यक्ति ने महाराष्ट्र के नासिक ज़िले में सिन्नर इलाके के शाह पंचाले गाँव में आयोजित एक कार्यक्रम में यह अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की है। इसके बाद न्यायप्रिय तथा देशप्रेमी नागरिकों ने उक्त खुराफाती व्यक्ति के विरुद्ध अब तक कई एफ.आई.आर. दर्ज कराई हैं, जिनमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने, धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने और आपराधिक धमकी देने से संबंधित गंभीर धाराएं शामिल हैं। इसके बावजूद अब तक गिरफ़्तारी नहीं हुई है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आई.एम.सी.) इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे माँग करती है कि देशभर में शांति कायम रखने तथा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं की सुरक्षा के लिए इस प्रकरण में तुरंत कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में आप पद की गरिमा के अनुरूप अपने स्तर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी करें ताकि इंसाफ कायम रहे और सभी नागरिक मान-सम्मान से रह सकें।

ज्ञापन में मुख्य रूप से नदीम कुरैशी, शुएब रजा खां, मौलाना एहसानुलहक चतुर्वेदी, मुनीर इदरीसी, फरहत खान, मखदूम बेग, शाहनवाज वारसी, सलीम खान,अल्तमश रजा, जाहिद कुरैशी, शमशाद प्रधान, चौधरी राशिद आदि

# कानपुर में भारत बंद का मिला जुला असर

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**



**कानपुर।** बुधवार को यहां भारत बंद का मिला-जुला असर देखा गया। आरक्षण बताओ संघर्ष समिति की ओर से यह राष्ट्रव्यापी बंद सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और एस सी एस टी यानी अनुसूचित जनजाति के आरक्षण पर फैसला सुनाने के विरोध में किया गया। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के अलावा कई दूसरे संगठनों के साथ बहुजन समाज पार्टी भी इस बंद में शामिल रही। आज बंद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए यहां पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क रहा। वही दलित नेता धनीराम बौद्ध की अगुवाई में कंपनी बाग चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन भी किया गया। आज भारत बंद के दौरान महानगर के व्यावसायिक इलाकों नयागंज, बिरहाना रोड ,लाटूश रोड, पनकी, कल्याणपुर, गोविंद नगर, चकेरी, बाबू पुरवा, किदवई नगर, नौबस्ता, बर्रा, बिल्हौर और घाटमपुर मैं इस दौरान विशेष सतर्कता भी बढ़ती गई और बवाल करने की कोशिश में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, हॉस्पिटल और मेडिकल फैसिलिटीज सुचारू तौर पर काम करती नजर आईं। भारत बंद के दौरान किसी तरह की हिंसा ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए बड़े पुलिस अधिकारी हालातों का जायजा लगातार लेते रहे। भारत बैंड के दौरान आज बुधवार को हर थाना क्षेत्र की पुलिस भी हर तरह से सतर्क नजर आई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को और तेज करने की भी चेतावनी दी। आरक्षण के संदर्भ में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को गलत बताया और उसे निरस्त किए जाने की भी मांग की।

# दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने देश में बढ़ते धार्मिक तनावो पर व्यक्त की चिंता

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**बरेली ।** दरगाह ए आला हजरत के सज्जादानशीन हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अहसन रजा खां कादरी उर्फ अहसन मियां साहब ने हाल के दिनों में देश में बढ़ रहे धार्मिक तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत में लोगों को अपने धर्म के अनुसार जीने की आजादी होनी चाहिए लेकिन आज मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। मीडिया को एक बयान जारी करते हुए दरगाह सज्जादानशीन ने ये बात कही हैं। सज्जादानशीन ने गौर और फिक्र करते हुऐ भारत सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। जो धार्मिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मुसलमानों से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने और कानून का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारे आका-ओ-मौला, सरवरे कायनात, हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। सरकार को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में शांति और सौहार्द बना रहे। उन्होंने आगे कहा, हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अल्लाह के महबूब मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम की तौहीन करने वालों को कानून के शिकंजे में लाएँ और हुकूमत को मजबूर करें कि वो ऐसे गुस्ताखों के खिलाफ सख़्त से सख़्त कार्रवाई करे। हम सब को मिलकर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# 'डॉ.नरेंद्र दाभोलकर की पुस्तके अंधविश्वास उन्मूलन मिटने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी'

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** तहसील वाळवा के इस्लामपुर शहर में डॉ. नरेन्द्र दाभोळकर के ग्यारहवे स्मृति दिवस पर विनम्र अभिवादन कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए डॉ. नरेन्द्र दाभोलकर ने जीवन भर अनेक संघर्ष किए। जादू-टोना विरोधी कानून बनाने के लिए हर स्तरों पर प्रयत्न किया. हालाँकि दाभोलकर आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम उनकी किताब के जरिए उनके विचारों को फैलाएँ। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की प्रदेश अध्यक्ष माननीय सरोज पाटिल माई ने विश्वास व्यक्त किया कि दाभोलकर के घर घर विचार पहुंचने के श्रृंखला में आज प्रकाशित 15 पुस्तकों के माध्यम से अंधविश्वास उन्मूलन का विचार घर-घर तक पहुंचेगा। वह इस्लामपुर में महाराष्ट्र



अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति शाखा इस्लामपुर द्वारा आयोजित नरेंद्र दाभोलकर द्वारा लिखित 15 पुस्तकों के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। इस अवसर पर आदरणीय माई एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 15 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। अंधविश्वास समाज का एक कीड़ा है, कुछ पाखंडी लोग समाज की अज्ञानता और अशिक्षा का फायदा उठाते हैं। धारा के विपरीत चलते हुए दाभोलकर ने अपनी लड़ाई जारी रखी और दूसरी ओर नई पीढ़ी को विवेक के मार्ग पर चलाने के लिए विभिन्न पुस्तकें लिखीं। दाभोलकर की किताबें बड़े आकार में होती थीं, बच्चों के पढ़ने के लिए बड़ी होती थीं, बाल मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने हर विषय पर संक्षिप्त रूप में किताबें तैयार की हैं, उनका असर बच्चों पर जरूर पड़ेगा। यह कहना है इस्लामपुर शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एस.के.माने इस अवसर पर व्यक्त किये। अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के कार्यकर्ता डॉ. शांतनु अभ्यंकर को श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर सांगली जिला अंनिस के उपाध्यक्ष दीपक कोठावळे, इस्लामपुर शाखा अध्यक्ष प्राचार्य सुभाष ढगे, प्रोफेसर सचिन गरुड़, डॉ. राजेश दांडगे, घनश्याम कांबळे और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ.नरेंद्र दाभोलकर के विचार घर घर श्रृंखला की 15 पुस्तकों के लोकार्पण समारोह में अंनिस के राज्य अध्यक्षा सरोज पाटिल (माई), प्राचार्य सुभाष ढगे, डॉ. एस.के.माने, दीपक कोठावळे, प्रो. सचिन गरुड़ और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थीत थे। कार्यक्रम की योजना शशिकांत बामणे, संतोष खडसे, संदेश जिरगे ने बनाई. चंद्रकांत भारस्कळे ने आभार ओर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोल्हापुर में पत्रकार के साथ तो बदलापुर में महिला पत्रकार के साथ किए अपमान जनक व्यवहार के दोषी अधिकारियों पर कार्रवााई की मांग के लिए केंद्रीय पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री से की मांग

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** तहसील वाळवा के इस्लामपुर शहर में केंद्रीय पत्रकार संघ की और से वाळवा तेहसीलदार मा. सचिन पाटिल को मुख्यमंत्री के नाम कोल्हापुर और बदलपुर मैं रिपोर्टिंग के समय पत्रकारों से अपमान जनक व्यवहार किया गया उस मामले में दोषियों पे कारवाई की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा। कोल्हापुर में ओलंपिक विजेता के जुलूस को कवर करने गए पत्रकारों और फोटोग्राफरों के साथ पुलिस प्रशासन ने धक्कामुक्की की और



अनुचित व्यवहार किया। संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पत्रकार संघ की ओर से बदलापुर जिला ठाणे में रिपोर्टिंग करने गई महिला पत्रकार को अभद्र भाषा बोलकर अपमानित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उस संदर्भ में केंद्रीय पत्रकार संघ की ओर से इस्लामपुर तालुका वालवा के तहसीलदार श्री सचिन पाटिल को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री चन्द्रशेखर क्षीरसागर, सांगली जिला अध्यक्ष श्री रवीन्द्र लोंढे, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मोहिते, पत्रकार श्री राजेश कांबले, वरिष्ठ पत्रकार दयानंद माली व अन्य उपस्थित थे. केंद्रीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवीन्द्र कसालकर के मार्गदर्शन में पत्रकार संघ एक संघ एक विचारधारा के साथ पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः राज ठाकरे ने और दो उम्मीदवारों का किया ऐलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी माहौल गरमाया हुआ है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना भी इस चुनाव को जीतने में पूरा जोर आजमा रही है और रणनीति बना रही है। इसी बीच पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए और दो नए उम्मीदवारों की घोषणा की है। मनसे ने राज ठाकरे ने चंद्रपूर और राजुरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। चंद्रपूर विधानसभा सीट से मनदीप रोडे और राजुरा सीट से सचिन भोयर को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले ठाकरे ने मुंबई की शिवडी विधानसभा सीट से बाला नांदगांवकर और पंढरपुर से दिलीप धोत्रे को पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर घोषित किया था। एमएनएस की रणनीति ने महाविकास अघाड़ी और महायुति दोनों को चिंतित कर दिया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज ठाकरे ने एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की थी और नरेंद्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताया था। महायुति की कुछ रैलियों में भी वे नजर आए थे, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि विधानसभा चुनाव में वे महायुति के साथ गठबंधन कर सकते हैं और सीट बंटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज ठाकरे ने हाल में ही कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में 225 से 250 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे गठबंधन और सीट बंटवारे के बारे में भ्रमित न हों और चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

## ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफीसर को 'वरिष्ठ सितारा ए सम्मान' एवोर्ड से नवाजा गया



**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी जुहू मेयर हॉल में तारीख 21 औगष्ट 2024 को एक नई दिशा गुरुकुल फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर जिगना देशाई और टीम मेनेजमेंट असमा लाला (कापड़िया) की जानिब से ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफीसर को 'वरिष्ठ सितारा ए सम्मान' एवोर्ड 2024 से नवाजा गया। इस मौके पर ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के मंसुर दरवेश, जानु फरीद बटाटावाला, राजुल दिवान, हितेश गुरुजी, जाकिर शैख, के अलावा जैन समाज के अग्रणी और कई बॉलीवुड कलाकार और नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई के विक्रोली में बड़ा हादसा

उन्होंने बताया कि घटना के बारे मे राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया जिसके बाद धागे और निकम को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है और प्रकरण की जांच जारी है। मुंबई में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालही में 13 अगस्त को एक एसयूवी कार ने वसोर्वा बीच पर सो रहे दो लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर अदालत में भी पेश किया, जहां अदालत ने उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गणेश यादव और उसके साथी बबलू श्रीवास्तव वसोर्वा बीच पर सो रहे थे तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना में गणेश यादव की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गणेश यादव रिक्शा चलाता था, जबकि बबलू डिलीवरी का काम करता है। बताया जा रहा है कि अक्सर गणेश और बबलू वसोर्वा बीच पर सोने जाते थे।

### महाराष्ट्र में एसीबी का बड़ा एक्शन

कुछ ऐसा ही एक और मामला महाराष्ट्र के रायगढ़ से सामने आया है। यहां एक ग्राम पंचायत के दो कर्मचारियों को कथित तौर पर 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की मानें तो अलीबाग के पास कुरुल ग्राम पंचायत के आरोपी श्रीहरि अर्जुन खराट और सुजीत श्याम पाटिल उर्फ पिंट्या ने शिकायतकर्ता द्वारा बनाए गए घर के मूल्यांकन और मूल्यांकन आदेश जारी करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत के रुप में पैसे की मांग की थी। इस मांग के बारे में सतर्क होने के बाद, एसीबी ने अपना जाल बिछाया और बीते मंगलवार को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए दोनों को अरेस्ट कर लिया।मामले पर रायगढ़ एसीबी के डीएसपी शशिकांत पदवे ने बताया कि दोनों के खिलाफ अलीबाग पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### 24 अगस्त को पूरे महाराष्ट्र में बंद

उन्होंने कहा कि जो लोग सोचते हैं कि बदलापुर की घटना के पीछे विपक्ष राजनीति कर रहा है, वे या तो सामान्य नहीं है या वे दोषियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। शिव सेना प्रमुख ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बदलापुर प्रदर्शन के पीछे जो लोग राजनीति महसूस कर रहे हैं, वे या तो असामान्य हैं या दोषियों के रक्षक हैं। ठाकरे ने बदलापुर कांड के लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के रवैया की सरकार की आलोचना की है और कहा है कि हम लोग मिलकर 24 अगस्त को बंद का आयोजन कर रहे हैं। इसके पीछे कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है, बल्कि महिलाओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देना ही हमारा उद्देश्य है। इसके पहले राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि एमवीए के घटक दलों ने यह सामूहिक रूप से फैसला किया है कि 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आयोजन किया जाएगा। इन दलों में कांग्रेस पार्टी, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लोग शामिल रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

## जेजेपी को फिर झटका सुरजाखेड़ा का इस्तीफा



**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जेजेपी को फिर एक और बड़ा झटका लगा है। बरवाला के विधायक जोगी राम सिहाग और नरवाना के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष को अपने इस्तीफे सौंप दिए हैं। इन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते अयोग्य घोषित किया गया था।

## विवाह के आमंत्रण कार्ड में पूछे अजब सवाल



**अमरावती।** एक कपल ने यूनिक वेडिंग कार्ड छपवाया है। आंध्र प्रदेश के एक कपल ने अपने वेडिंग कार्ड से लोगों को हैरान कर दिया है। पारंपरिक कार्ड के बजाए उन्होंने इसे परीक्षा प्रश्न पत्र के रूप में डिजाइन करवाया है। पश्चिम गोदावरी जिले के पेनुमंत्र मंडल के मार्टेरू गांव की शिक्षिका और दुल्हन प्रत्यूषा ने वेडिंड कार्ड से इन दिनों लोगों का ध्यान खींचा है।

## विजय ने जारी किया पार्टी का फ्लैग-सिंबल



**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार थलापति विजय ने चेन्नई में अपनी पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम का झंडा और प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के झंडे का महत्व राज्य-स्तरीय सम्मेलन के दौरान बताया जाएगा। टीवीके का झंडा ऊपर और नीचे लाल और मैरून है और बीच में पीला है, जिसमें दो हाथी और एक वागई फूल है, जो विजय का प्रतीक है।

## रोडवेज बाबू गिरफ्तार

**वाराणसी।** ड्यूटी ज्वाइन कराने के लिए चालक से 50 हजार रुपये घूस ले रहे रोडवेज के कजीटेंसी बाबू (संप्रति कनिष्ठ लिपिक) रियाजउद्दीन अहमद को एंटी करप्शन की टीम गुरुवार को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम गिरफ्तार बाबू को पकड़कर सिगरा थाने ले गई, जहां आरोपित से पूछताछ के बाद रोडवेज के आरएम गौरव वर्मा को आरोपित बनाने हुए केस दर्ज कराया गया।

### कोलकाता मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान की अहम टिप्पणी

**आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप व हत्या का मामला**

# पुलिस को लगाई फटकार, अप्राकृतिक मौत का मामला इतनी देरी से क्यों दर्ज किया?



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने हत्याकांड में पुलिस की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि जूनियर डॉक्टर की हत्या मामले को अप्राकृतिक मौत के तौर पर दर्ज करने में पुलिस ने काफी देर की।

कोर्ट ने पुलिस कार्रवाई को लेकर कई सवाल पूछे। वहीं कोर्ट ने घटना के विरोध में प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि यह बेहद हैरानी भरा है कि मृतका का पोस्टमार्टम नौ अगस्त को शाम 6:10 बजे से 7:10 बजे के बीच हुआ। इसके बाद रात 11:30 बजे अप्राकृतिक मौत का पंजीकरण किया गया।

## पुलिस ने गंभीर मामले को लिया हल्के में



### आप वाट्सएप मैसेज के आधार पर कोर्ट में बहस मत कीजिए

*एक वकील ने मामले में दखल देते हुए दावा किया कि पोस्टमार्टम में 150 ग्राम वीर्य का भी उल्लेख किया गया। इस पर सीजेआई भड़क गए और फटकार लगाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर प्राप्त जानकारी का उपयोग यहां बहस में मत कीजिए, क्योंकि हमें पता है कि सच क्या है और मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मेरे पास है। सीजेआई ने साफ कहा कि हमारे पास ऑरिजिनल पोस्टमार्टम रिपोर्ट है और 150 ग्राम का उल्लेख किस चीज के लिए किया गया, मुझे बखूबी पता है कृपया सोशल मीडिया का ज्ञान यहां मत दीजिए।*

### अगली सुनवाई में सही तथ्य और समय की जानकारी दें

*कोर्ट ने पूछा कि ऐसा कैसे हो सकता है? यह बेहद परेशान करने वाला तथ्य है। कोर्ट ने दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज करने वाले कोलकाता पुलिस अधिकारी को अगली सुनवाई में उपस्थित होने निर्देश देते हुए मामला दर्ज करने के समय की जानकारी देने को कहा।*

### सीबीआई दफ्तर से स्वास्थ्य भवन तक निकाला मार्च

*भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य भवन घेराव अभियान अभी जारी है। भाजपा समर्थक लगातार तेजी से स्वास्थ्य भवन की ओर बढ़े। भाजपा के स्वास्थ्य भवन घेराव अभियान में सुकांत मजूमदार,सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, अर्जुन सिंह, अग्निमित्रा पाल, लॉकेट चट्टोपाध्याय, देबाश्री चौधरी, रूपा गंगोपाध्याय, रुद्रनील घोष, हिरन चट्टोपाध्याय शामिल रहे।*

### अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज की गईः एसजी मेहता



सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि जूनियर डॉक्टर का अंतिम संस्कार होने के बाद रात 11:45 बजे एफआईआर दर्ज की गई। राज्य पुलिस ने मृतका के परिजनों को आत्महत्या की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इसे हत्या कहा था। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़िता की एक मित्र को घटना को छिपाने का संदेह हुआ तो उसने वीडियोग्राफी कराने की मांग की।

### सिब्बल को लगी फटकार...हंसिए मत



कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दूसरी बार सुनवाई की। इस दौरान अननेचुरल डेथ और पोस्टमार्टम के समय को लेकर और केस डायरी के साथ छेड़छाड़ को लेकर कोलकाता पुलिस पर कई सवाल खड़े किए गए। देश के जाने माने वकील कपिल सिब्बल पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रख रहे थे, लेकिन उन्हें भी फटकार सुननी पड़ी। उन्हें हिदायत भी दी कि कम से कम ऐसी बातें न करें।

**साइकोएनालिसिस टेस्ट में खुलासा**

### आरोपी संजय की प्रवृत्ति जानवरों के समान



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर केस को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस मामले में आरोपी संजय रॉय का सीबीआई ने साइकोएनालिसिस करवाया था, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सामने आया है कि आरोपी संजय यौन विकृत मानसिकता वाला है और इसमें जानवरों जैसी प्रवृत्ति है। सीबीआई एक्सपर्ट्स ने रॉय के बयानों को भी स्कैन किया और उसे पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक निष्कर्षों से जोड़ने की कोशिश की है।

### आरोपी की मौजूदगी की पुष्टि

*सीबीआई अधिकारियों ने बताया है कि अपराध वाली जगह पर संजय रॉय की मौजूदगी की पुष्टि तकनीकी और वैज्ञानिक सबूतों से हुई है। सीबीआई ने जब मामले को अपने हाथ में लिया, उससे पहले कोलकाता पुलिस ने बताया था कि रेप पीड़िता के नाखूनों के नीचे पाए गए खून और त्वचा पर बने निशान संजय रॉय के हाथों पर लगी चोटों से मैच होते हैं। इस मामले में अब तक हुई जांच की स्टेटस रिपोर्ट सीबीआई सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सौंपी।*

### सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा

*सीबीआई सूत्रों का कहना है कि आरजी कर से बरामद हुई सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि संजय रॉय आठ अगस्त को सुबह 11 बजे के आसपास चेस्ट डिपार्टमेंट के पास मौजूद था। उस समय पीड़िता चार अन्य जूनियर डॉक्टर्स के साथ वॉर्ड में थी। तब रॉय को वहां से जाने से पहले उन्हें घूरते हुए देखा गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी संजय रॉय ने बताया कि वह शाम से पहले ही वॉर्ड में आ गया था। 9 अगस्त को पीड़िता अन्य जूनियर डॉक्टर्स के साथ डिनर करने के लिए गई थी और फिर रात में एक बजे सेमिनार हॉल में लौटी। लगभग ढाई बजे एक जूनियर डॉक्टर हॉल में दाखिल हुआ और पीड़िता ने सोने से पहले उससे कुछ बात की। इसके बाद तड़के सुबह चार बजे रॉय सीसीटीवी फुटेज में फिर से कैद हुआ और जांचकर्ताओं का मानना है कि इसके बाद वह सीधे सेमिनार हॉल में गया, जहां पर पीड़िता सोई हुई थी।*

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया संवाद

# प्रधान ने पीएमश्री स्कूलों के 6 छात्रों से अध्यापन संबंधी व्यवस्था जानी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित पीएमश्री स्कूलों के 6 विद्यार्थियों को नई दिल्ली भ्रमण के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से परस्पर संवाद करने का मौका मिला। विद्यार्थियों ने पीएमश्री स्कूल की गतिविधियों और इसमें अध्यापन व्यवस्था की जानकारी दी।

ये स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए थे। इनमें भोपाल की महक, पन्ना के उमेश, सीधी के अमन, बैतूल की प्रणाली, जबलपुर की नितिशा और खंडवा की पारुल शामिल हैं। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के 100 विद्यार्थी नई दिल्ली पहुंचे थे।



### छात्रों ने किया भ्रमण

*जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि प्रदेश में इन विद्यार्थियों का चयन प्रेरणा उत्सव, कला उत्सव, इंस्पायर अवॉर्ड, एनएमएमएस और कुश्ती गतिविधियों में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। चयनित छात्रों ने भ्रमण के दौरान नई दिल्ली में इंडिया गेट और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी किया। छात्रों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।*


### संगठन, स्वास्थ्य के साथ भोजन, पोषण और वॉश पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले चौहान

# स्वसहायता समूह से ग्रामीण महिलाओं का हुआ सशक्तिकरण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ग्रामीण विकास शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और वॉश पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं बोझ नहीं, वरदान हैं।

स्वसहायता समूह से ग्रामीण महिलाओं का न केवल आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तीकरण हुआ है। यह संगठन की ताकत है। उन्होंने सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों के बीच अभिसरण पर ज़ोर देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से ही विकसित भारत का सपना संभव होगा। चौहान ने समूह की महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने नेतृत्व में परिवारों में संगठन, स्वास्थ्य और समृद्धि का संदेश पहुंचाएं और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। कार्यक्रम में यूनिसेफ, वर्ल्ड बैंक, विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थानों का भी प्रतिनिधित्व रहा। चौहान ने दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तैयार किए गए संगठन की प्रशंसा करते हुए विभाग से आग्रह किया कि योजना का नाम संक्षिप्त रूप में न लिखें। उन्होंने कहा कि जब हम पूरा नाम लिखेंगे तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सम्मान होगा और उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के अनुसार मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति है। अगर दीन-दुखियों और गरीबों की सेवा कर ली तो उनके आंखों में साक्षात भगवान के दर्शन होंगे। चौहान ने कहा कि दीनदयाल हमारी प्रेरणा थे। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य लोगों को गरीबी से मुक्त करना है, लेकिन उसके साथ ही स्वास्थ्य पर भी काम करना होगा, क्योंकि पहला सुख निरोगी काया है। इस काम के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि छोटी-छोटी जानकारियों और जागरूकता की जरूरत है जिसमें दीदियां नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होंने कहा, विकसित भारत का मतबल समृद्ध भारत, स्वस्थ भारत और स्वच्छ भारत है, इसलिए दीदियां स्वास्थ्य और शिक्षा में लीड लें। उन्होंने कहा कि महिलाएं बोझ नहीं, वरदान हैं। उन्होंने सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों के बीच अभिसरण पर ज़ोर देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से ही विकसित भारत का सपना संभव होगा।



### दोनों देशों में आपसी सहयोग, यूक्रेन विवाद और हिंद-प्रशांत की चुनौती जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

**भारतीय पीएम मोदी आज यूक्रेन की यात्रा ट्रेन से करेंगे**

# भारत और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच वारसॉ में हुई बैठक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पोलैंड की राजधानी वारसॉ में गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के अलावा हिंद-प्रशांत की स्थिति और यूक्रेन विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

यह जानकारी भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दी। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त की सुबह पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की के साथ हुई बैठक में अच्छी बातचीत हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से लेकर अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। एस जयशंकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा भारत और पोलैंड के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

गौरतलब है कि बीते करीब 45 वर्षों में यह पहला ऐसा मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड की यात्रा की है। पोलैंड के बाद पीएम शुक्रवार को यूक्रेन जाएंगे। वहां उनकी यूक्रेन विवाद के बीच राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी।



### नदियों में जलस्तर खतरे के निशान के पास, दहशत

# त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ से हाहाकार, 10 लोगों की मौत

मुंबई हलचल / त्रिपूरा

रविवार से हो रही भारी बारिश के चलते त्रिपुरा राज्य की सभी बड़ी नदियों में जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई। करीब 1900 जगहों पर भूस्खलन के चलते सड़क मार्ग बाधित हो गया। जगह-जगह जलभराव और बाढ़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने पश्चिम त्रिपुरा और सिपाहीजला जिले में भारी बारिश को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ असम राइफल्स समेत केंद्रीय अर्धसैनिक बल प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत अभियान में जुटे हैं। सरकार ने भारी बारिश को देखते हुए लोगों को बाहर न निकलने और सतर्कता बरतने के लिए भी कहा है। बाढ़ के चलते 32,750 लोगों के 330 राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

### 1900 जगहों पर भूस्खलन से सड़क मार्ग बाधित



**अभियान में लगी टीमों ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया**

*बचाव अभियान में लगीं टीमें लगातार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगी हुईं हैं। लोगों की मदद की जा रही है। उन्हें हर संभव सहायता मुहैया कराई जा रही है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने बताया कि राज्य में आई बाढ़ काफी भीषण है।*

### बारिश को देखते हुए रेड अलर्ट



**त्रिपुरा में आगामी आदेश तक बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज**

*बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सीएम मानिक साहा ने कहा कि राज्य में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी (स्कूल, कॉलेज और राज्य संचालित विश्वविद्यालय) सहित सभी शैक्षणिक संस्थान अगली सूचना तक बंद रहने का ऐलान किया है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर वित्त मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

# देश की आर्थिक गति बरकरार, 6.5 से 7 प्रतिशत वृद्धि हासिल करने की उम्मीद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अनियमित मानसून के बावजूद भारत की आर्थिक गति बरकरार है और आर्थिक समीक्षा में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है। वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति बनाए रखी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार (अप्रैल-जुलाई) महीनों में वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कर आधार के विस्तार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के दम पर मुमकिन हुआ।

### नए निर्यात ऑर्डर में तेजी

रिपोर्ट में कहा गया, "विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन से भी घरेलू गतिविधियों में मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का कारण मांग का बढ़ना, नए निर्यात ऑर्डर में तेजी तथा उत्पादन कीमतों का बढ़ना है।

### अनियमित मानसून के बावजूद आर्थिक गति बरकरार

*विनिर्माण और सेवा क्षेत्र बढ़ रहा : इससे आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी। "कुल मिलाकर भारत की आर्थिक गति बरकरार है। कुछ हद तक अनियमित मानसून के बावजूद जलाशयों में जलस्तर की भरपाई हो गई है। क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के अनुसार विनिर्माण और सेवा क्षेत्र बढ़ रहा है।"*




### राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त

राजकोषीय मोर्चे पर इसमें कहा गया कि बजट वित्त वर्ष 2024-25 ने राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया है। मजबूत राजस्व संग्रह, राजस्व व्यय में अनुशासन तथा मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के समर्थन से राजकोषीय घाटे में कमी आने का अनुमान है। साथ ही, इसमें कहा गया कि पूंजीगत व्यय को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है, जिससे नए निजी निवेश चक्र को समर्थन मिल रहा है।

- जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है
- वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति बनाए रखी

### रबी फसल उत्पादन के अच्छे संकेत

रिपोर्ट में कहा गया, खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2024 में घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। यह खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी का नतीजा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून में स्थिर प्रगति ने खरीफ की बुवाई का समर्थन किया है। इसमें कहा गया है कि जलाशयों में जल स्तर का फिर से बढ़ना मौजूदा खरीफ तथा आगामी रबी फसल के उत्पादन के लिए अच्छा संकेत है।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा

इसमें कहा गया कि कर संग्रह, खासकर अप्रत्यक्ष कर (जो लेन-देन को दर्शाते हैं) अच्छी तरह बढ़ रहे हैं, तथा बैंक ऋण भी बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, " मुद्रास्फीति कम हो रही है और वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। शेयर बाजार अपने स्तर पर बने हुए हैं। सकल प्रवाह बढ़ने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा है।"

### जीडीपी अनुमान सही उतर सकता है

इसमें कहा गया, फिलहाल 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5-7.0 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान उचित जान पड़ता है।

# उत्तराखंड पर कर्ज का मर्ज 72 हजार करोड़ पार, मार्केट लोन ने ज्यादा बढ़ाया भार

**देहरादून।** प्रदेश पर कर्ज का मर्ज निरंतर बढ़ता जा रहा है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आंकड़ा वर्ष 2022-23 में बढ़कर 72 हजार 860 करोड़ रुपये जा पहुंचा है। हालांकि, प्रदेश की अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार और ऋणों के पुनर्भुगतान में तेजी के चलते बीते पांच वर्षों में जीएसडीपी के मुकाबले ऋण का ग्राफ सबसे कम 24.08 प्रतिशत रहा है। कैग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 में प्रदेश पर कुल कर्ज 58 हजार करोड़ रुपये के करीब था। वहीं, वर्ष 2022-23 में 25.53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह आंकड़ा 72 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। कैग के मुताबिक, राज्य सरकार के ऋणों में मुख्य रूप से लोक ऋण (मार्केट लोन) शामिल है। वर्तमान में यह आंकड़ा 56 हजार 510 करोड़ रुपये है। ऋण में बढ़ोतरी के साथ देनदारी का ग्राफ



भी उसी अनुपात में बढ़ रहा है। अच्छी बात यह है कि ऋण की बढ़ती देनदारियों के बीच सरकार ऋणों के पुनर्भुगतान में भी तेजी लाने के प्रयास कर रही है। साथ ही प्राप्तियों में बढ़ोतरी के प्रयास भी किए जा रहे हैं। वर्ष 2018-19 में ऋणों के पुनर्भुगतान/प्राप्तियों का जो आंकड़ा 72.07 प्रतिशत पर सिमटा था, वह बढ़कर 91.84 प्रतिशत पर पहुंच गया है। प्रदेश की वित्तीय तस्वीर इस तरफ भी इशारा करती है कि समय के साथ न सिर्फ ऋण लेने (लोक ऋण/आंतरिक ऋण) की प्रवृत्ति घट रही है, बल्कि पुराने ऋण के भुगतान में भी तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2022-23 में सरकार ने जहां 3817 करोड़ रुपये का ऋण लिया, वहीं 4017 रुपये का भुगतान ऋण चुकाने में किया। लोक ऋणों में शामिल आंतरिक और भारत सरकार से प्राप्त राशि को चुकता करने की स्थिति में कैग की रिपोर्ट में सामने आई है। इसमें एक वर्ष से लेकर सात वर्ष से अधिक की परिपक्वता वाले ऋण शामिल हैं। सभी प्रकार के लोक ऋणों में राज्य सरकार में वर्ष 2030-31 तक 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि अदा करनी होगी। हर साल यह पुनर्भुगतान 3200 करोड़ रुपये से लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये के बीच रहेगा। राज्य सरकार जरूरत के मुताबिक बाजार/वित्तीय संस्थानों से भी ऋण लेती हैं।

## मुरादाबाद में भी कई बार हुआ था किशोरी से दुष्कर्म, पूछताछ में पीड़िता ने बयां किया दर्द

**देहरादून।** अंतरराज्यीय बस अड्डा (आइएसबीटी) देहरादून परिसर में परिवहन निगम की अनुबंधित बस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी से उसके गृह क्षेत्र मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में भी दुष्कर्म हो चुका है। जांच में पुलिस को पता चला है कि किशोरी लंबे समय से यौन शोषण की शिकार होती आ रही है। किशोरी ने पुलिस को दिए बयान में भी जानकारी दी है कि मुरादाबाद में भी उससे अलग-अलग समय पर अलग-अलग व्यक्तियों ने दुष्कर्म किया है। इस आधार पर पुलिस ने जीरो एफआइआर दर्ज कर ली है और इसे जांच के लिए मुरादाबाद ट्रांसफर कर दिया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के मामले की जांच देहरादून पुलिस यथावत करती रहेगी। पुलिस के अनुसार किशोरी ने बाल एवं महिला आयोग और बाद में पुलिस को दिए बयानों में उसके साथ पूर्व में दुष्कर्म होने की बात बताई है। इसके बाद पुलिस पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज करा चुकी है। बाल एवं महिला आयोग की ओर से पुलिस को मुरादाबाद में हुई दुष्कर्म की घटना के संबंध में अलग से मुकदमा दर्ज करने को कहा गया था।गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक केके लुंठी को जीरो एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए। जिस पर पटेलनगर कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर विवेचना मुरादाबाद पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई। 12 अगस्त की रात्रि उत्तराखंड परिवहन निगम की बस से देहरादून आने से पूर्व भी किशोरी घर से कई बार भाग चुकी है। इसकी पुष्टि स्वयं किशोरी के ग्राम प्रधान ने की है।


# रिजवी लॉ कॉलेज की छात्राओं ने खार और बांद्रा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के साथ मनाया रक्षाबंधन




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** रक्षाबंधन का यह उत्सव सिर्फ एक पारंपरिक उत्सव नहीं था, यह युवाओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच के बंधन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस कार्यक्रम ने समाज में पुलिस द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाई और उनके प्रयासों के लिए समुदाय के समर्थन के महत्व को पुष्ट किया। रिजवी लॉ कॉलेज की छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों के समर्पण और बलिदान को स्वीकार करते हुए उनके प्रति अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त की। अधिकारीगण, अपनी ओर से, इस भाव से अभिभूत थे, जिसे उन्होंने अपने कर्तव्यों में जनता के विश्वास के सकारात्मक सुदृढ़ीकरण के रूप में देखा।













दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रवीना ने कहा था- लड़कियां हर हफ्ते...

रवीना टंडन और अक्षय कुमार 20 साल बाद फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों बहुत जल्द 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आने वाले हैं। ऐसे में रवीना का पुराना इंटरव्यू सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में रवीना अपनी और अक्षय की टूटी सगाई के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। दरअसल, 1994 में 'मोहरा' की शूटिंग के वक्त कथित तौर पर अक्षय और रवीना एक-दूसरे से प्यार करने लगे थे। दोनों ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट किया और फिर परिवार की मौजूदगी में सगाई कर ली, लेकिन 1998 में कुछ ऐसा हुआ कि दोनों अलग हो गए। ऐसे में एक समाचार एजेंसी ने पिछले साल पॉडकास्ट के दौरान, रवीना से उनकी और अक्षय कुमार की टूटी सगाई के बारे में पूछा था। पहले तो रवीना ने कहा कि वह "भूल गई" हैं कि उनकी और अक्षय की सगाई कब हुई थी। फिर उन्होंने कहा, "मोहरा के समय हम हिट जोड़ी बन गए थे। आज भी अगर हम किसी इवेंट में एक-दूसरे से टकराते हैं तो अच्छे से मिलते हैं, बातें करते हैं। हर कोई आगे बढ़ जाता है। कॉलेज में लड़कियां हर हफ्ते अपने बॉयफ्रेंड्स बदलती रहती हैं, लेकिन ये सगाई, जो की टूट गई थी, वो अभी भी मेरे दिमाग में रहेगी, मुझे नहीं पता क्यों। हर कोई आगे बढ़ जाता है, लोग तलाक ले लेते हैं, वे आगे बढ़ जाते हैं, इसमें बड़ी बात क्या है?" बता दें, रवीन ने अक्षय कुमार से रिश्ता खत्म करने के तकरीबन छह साल बाद फिल्म प्रोड्यूसर अनिल थडानी से शादी कर ली थी। वहीं अक्षय कुमार ने साल 2001 में ट्विंकल खन्ना के साथ सात फेरे ले लिए थे।

# 'भूल-भुलैया 3' में होगा अक्षय का कैमियो?



'स्त्री 2' के बाद अब लोग 'भूल भुलैया 3' के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अगस्त के एंड में इस फिल्म का टीजर आएगा और ये फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन नजर आएंगे। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया का रहा है कि 'भूल भुलैया 3' में अक्षय कुमार का भी कैमियो होने वाला है क्योंकि 'भूल भुलैया 1' में विद्या बालन के साथ वह लीड रोल में थे, लेकिन क्या है रिपोर्ट सही है? जब से अक्षय कुमार के 'भूल भुलैया 3' में कैमियो करने की रिपोर्ट सामने आई है तब से फैंस कन्फ्यूज हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि ये रिपोर्ट सही है या नहीं। ऐसे में अक्षय कुमार को अप्रोच किया और उनसे पूछा कि क्या वह सच में 'भूल भुलैया 3' ने कैमियो करने वाले हैं? अक्षय ने स्पष्ट किया है कि वह 'भूल भुलैया 3' का हिस्सा नहीं हैं। अक्षय ने जवाब में कहा, "नहीं, बिल्कुल नहीं। यह फेक न्यूज है।"

# अब लंदन में नहीं होगी इब्राहिम की इस फिल्म की शूटिंग



**इब्राहिम अली खान** की आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दिलेर' को झटका लग चुका है। दरअसल, कुणाल देशमुख निर्देशित इस फिल्म का एक बड़ा हिस्सा मूल रूप से यूके में शूट होना था। हालांकि, वहां बढ़ती अशांति और विरोध प्रदर्शन के कारण, निर्माता दिनेश विजान ने लंदन में शूटिंग को पूरी तरह से रद्द करने का फैसला किया है और अब इसे मुंबई में फिल्माया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रोडक्शन टीम ने जुलाई के अंत में लंदन में एक रेकी और लुक टेस्ट किया था और इसका एक बड़ा शूटिंग शेड्यूल भी तय हुआ था। हालांकि, यूके में बिगड़ती स्थिति के कारण निर्माताओं ने अपने कलाकारों और क्रू की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। रिपोर्ट्स के अनुसार सूत्र ने कहा, 'जुलाई के अंत में, टीम ने लंदन में रेकी और लुक टेस्ट किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने के बाद, निर्माताओं को लगा कि टीम की सुरक्षा को नजरअंदाज करना महंगा पड़ सकात है।' निर्माता दिनेश विजान ने अपनी टीम की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शूटिंग योजना को पूरी तरह से बदलने का फैसला किया है। अब प्रोडक्शन भारत में शूटिंग के लिए सही जगह की तत्काल तलाश कर रहा है।